सिंडिकेटबैंक
SyndicateBank
विश्वसनीय. मैत्रीपूर्ण
Faithful. Friendly
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking

प्रधान कार्यालय: मणिपाल – 576 104
Head Office: Manipal – 576 104

विषय सूची CONTENTS

वार्षिक रिपोर्ट Annual Report 2009 – 2010

	पृष्ठ Page
• अध्यक्ष का वक्तव्य Chairman's Statement	3
• सूचना Notice	7
• निदेशकों की रिपोर्ट Directors' Report	13
• नैगम अभिशासन पर रिपोर्ट Report on Corporate Governance	56
• बासेल – II प्रकटीकरण – मार्च 2010 Basel II Disclosures – March 2010	88
• लेखा-परीक्षकों का प्रतिवेदन Auditors' Report	98
• तुलन-पत्र Balance Sheet	100
• लाभ व हानि लेखा P & L Account	101
• लेखों की अनुसूचियाँ Schedules to Accounts	102
• महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ Significant Accounting Policies	108
• लेखा संबंधी टिप्पणियाँ Notes on Accounts	113
• नकदी प्रवाह विवरण Cash Flow Statement	126
• समेकित तुलन-पत्र Consolidated Balance Sheet	130
• सिंडबैंक सर्विसेज लिमिटेड SyndBank Services Limited	158
• ईसीएस संबंधी परिपत्र Circular regarding ECS	174
• प्रॉक्सी फार्म Proxy Form	177
• फार्म 2बी Form 2B	179
• उपस्थिति पर्ची Attendance Slip	181
• ई.सी.एस. केन्द्रों की सूची List of E.C.S. Centres	186

निदेशक मंडल
BOARD OF DIRECTORS

बसंत सेठ
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

Basant Seth
Chairman & Managing Director

वी. के. नागर, *कार्यपालक निदेशक*	**V. K. Nagar,** *Executive Director*
आर. रामचंद्रन, *कार्यपालक निदेशक*	**R. Ramachandran,** *Executive Director*
के. सीतारामु, *निदेशक*	**K. Seetharamu,** *Director*
रमेश एल. अडिगे, *निदेशक*	**Ramesh L. Adige,** *Director*
एम. भास्कर राव, *निदेशक*	**M. Bhaskara Rao,** *Director*
एआर. नागप्पन, *निदेशक*	**AR Nagappan,** *Director*
भूपिन्दर सिंह सूरी, *निदेशक*	**Bhupinder Singh Suri,** *Director*

लेखा-परीक्षक	Auditors
मेसर्स निर्मल जैन एण्ड कंपनी	M/s Nirmal Jain & Co.
मेसर्स एन. सी. मित्रा एण्ड कंपनी	M/s N. C. Mitra & Co.
मेसर्स प्रकाश चंद्र जैन एण्ड कंपनी	M/s Prakash Chandra Jain & Co.
मेसर्स जैन एण्ड एसोसिएट्स	M/s Jain & Associates
मेसर्स एस. सोनी एसोसिएट्स	M/s S. Sonny Associates
मेसर्स आर. वेन्दर गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स	M/s R. Vender Gupta & Associates

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट	Registrars & Share Transfer Agents
मेसर्स कार्वी कंप्यूटरशेयर (प्रा) लिमिटेड	M/s Karvy Computershare (P) Ltd.
यूनिट: सिंडिकेटबैंक	Unit: SyndicateBank
प्लॉट सं.17 से 24	Plot No. 17 to 24
विट्ठलराव नगर, माधापुर	Vithalrao Nagar, Madhapur
हैदराबाद – 500 081	Hyderabad – 500 081
दूरभाष: 04044655000 विस्तार: 116 या 040 44655116 (सीधा)	Ph.: 040 44655000-Extn: 116 or 040 44655116 (D)
फैक्स: 040 23420814	Fax: 040 23420814

अध्यक्ष का वक्तव्य

प्रिय शेयरधारकों,

मुझे आपके समक्ष राजकोषीय वर्ष 2009-10 के दौरान आपके बैंक के परिणाम को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

आर्थिक एवं बैंकिंग परिदृश्य

मैं आपके समक्ष उभरने वाले समष्टि आर्थिक परिदृश्य के साथ साझेदारी करना चाहता हूँ जिसका असर बैंकिंग उद्योग के निष्पादन पर पड़ा है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था जितनी अपेक्षा थी उससे भी अधिक तेजी से उबर रही है परंतु अलग-अलग अर्थव्यवस्थाओं में इसकी गति भिन्न-भिन्न है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के पूर्वानुमान के अनुसार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2009 के दौरान जो कमी (-0.6%) आई की उसे इस वर्ष 4.2% बढ़ने का तथा वर्ष 2011 के दौरान 4.3% बढ़ने का अनुमान है।

केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (सीएसओ) अग्रिम आकलन के अनुसार भारत के समग्र सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2009-10 के दौरान 7.2 से 7.5% तक वृद्धि होने की उम्मीद है जो वर्ष 2008-09 के 6.7% से अधिक है। देश के कई हिस्सों में कम बारिश होने के कारण कृषि उत्पादन में कमी आई और बेहतर वसूली न हो सका। आर्थिक गतिविधियों में गिरावट होने के कारण बैंक ऋणों की माँग में भी कमी आई। गिरावट का एक दूसरा असर ऋणों की गुणवत्ता पर भी पड़ा और बैंकिंग क्षेत्र में इसका असर बकाया राशियों में बढ़ोत्तरी और आस्तियाँ की पुन: संरचना के रूप में पड़ा।

समग्र रूप से देश का आर्थिक परिदृश्य आशा से ओत-प्रोत है जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था के उबरने की गति धीमी है और देश में मुद्रास्फीति भी है, फिर भी, सबकी राय यह है कि हमारा विकास तीव्र गति से होगा।

वर्ष 2009-10 के दौरान बैंक का निष्पादन

1. वैश्विक कारोबार के मामले में बैंक ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है और वर्ष 2009-10 दौरान कुल कारोबार रु. 2,08,476 करोड़ हो गया है, जिसमें जमाराशियाँ रु. 1,17,026 करोड़ और आग्रिम रु. 91,450 करोड़ हो गया है।
2. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम के मामले में वर्ष 2009-10 के दौरान बैंक ने 19.55% की वृद्धि दर्ज कराई है जो समायोजित निवल बैंक ऋण का 45.88% है जबकि अधिदेशात्मक अपेक्षा 40% की ही है। कृषि को दिए जाने वाले ऋण में 22% की वृद्धि हुई है जो समायोजित निवल बैंक ऋण (ए.एन.बी.सी.) का 18.42% है जबकि अधिदेशात्मक अपेक्षा 18% की ही है।
3. कुल आय वर्ष 2008-09 के रु. 10,440 करोड़ से बढ़कर 2009-10 को रु. 11,215 करोड़ हो गई है।
4. बैंक का परिचालन लाभ वर्ष 2008-09 के रु. 1671 करोड़ की तुलना में 2009-10 को बढ़कर रु. 1,873 करोड़ हो गया है और उसमें 12% की वृद्धि दर्ज की गई है। निवल लाभ में वर्ष 2008-09 के रु. 913 करोड़ की तुलना में कमी हुई है और वह 2009-10 को रु. 813 करोड़ हो गई है और इसका कारण उच्चतर प्रावधानीकरण, कराधान तथा वेतन बकाया है।
5. प्रति शेयर बही मूल्य में सुधार हुआ है और वह पिछले वर्ष के रु. 95.98 से रु. 107.80 हो गया है।

निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के लिए 30% के लाभांश का प्रस्ताव रखा है।

CHAIRMAN'S STATEMENT

Dear Shareholders,

I have pleasure in placing before you the results posted by your Bank for the fiscal year 2009-10.

ECONOMIC AND BANKING SCENARIO

I would like to share with you the emerging macro-economic scenario which would have a bearing on the banking industry's performance.

The global recovery is proceeding better than expected, but in varying degrees in different economies. As per IMF's projection, Global GDP, which declined by (–0.6%) in 2009, is estimated to grow at 4.2% this year and at 4.3% in 2011.

The overall growth in India's GDP for 2009-10 is estimated to be in the range of 7.2 to 7.5%, up from 6.7% recorded in 2008-09 as per the advance estimates of Central Statistical Organization (CSO). The recovery could have been better but for lower agricultural output on account of deficit rainfall in many parts of the country. The slowdown in economic activity resulted in lower demand for bank credit. Another impact of the slow down was stress in the quality of credit due to which the banking sector witnessed rising levels of delinquencies and restructured assets.

Overall, the economic outlook for the country looks promising and while there may be concerns around the slow pace of global recovery and inflation at home, there is unanimity in the view that we are poised to grow at a faster pace.

BANK'S PERFORMANCE DURING 2009-10

1. Global Business crossed a new milestone and grew to Rs.2,08,476 crore in 2009-10 with deposits at Rs.1,17,026 crore and advances at Rs.91,450 crore.
2. Priority Sector Advances registered a growth of 19.55% during 2009-10 and constituted 45.88% to the Adjusted Net Bank Credit against the mandatory requirement of 40%. Credit to Agriculture increased by 22% and constituted 18.42% of Adjusted Net Bank Credit (ANBC) as against the mandatory requirement of 18%.
3. Total income rose to Rs.11,215 crore in 2009-10 from Rs.10,440 crore in 2008-09.
4. Operating Profit of the Bank grew by 12% to Rs.1,873 crore in 2009-10 up from Rs.1,671 crore in 2008-09. Net Profit however, declined to Rs.813 crore in 2009-10 from Rs.913 crore in 2008-09 due to higher provisioning for NPAs, taxation and wage arrears.
5. Book value per share improved to Rs.107.80 from Rs.95.98 last year.

The Board of Directors have proposed a dividend of 30% for the year ended 31st March 2010.

बैंक की महत्त्वपूर्ण रणनीतिक पहल

बैंक ने देश भर में ई-स्टैम्प वेन्डिंग के लिए स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

बैंक ने पेमेण्ट गेटवे सेवाएं नामक एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की है जिसके तहत ग्राहक सेवाओं/उत्पादों की खरीद ऑनलाइन कर सकते हैं और इंटरनेट बैंकिंग के द्वारा अपने बैंक के खाते से भुगतान कर सकते हैं।

बैंक का प्रस्ताव अपने द्वारा प्रायोजित सभी 5 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की सभी 1,328 शाखाओं को सीबीएस के दायरे में लाना है ताकि परिचालन के मामले एकरूपता हो सके।

अपने 85वें परिचालन वर्ष के सिलसिले में बैंक ने 85 नई शाखाएं और विस्तार काउंटर खोले हैं और उनमें से ज्यादा टियर 3 से टियर 6 वाले केन्द्रों में तथा बैंक रहित जिलों में खोले गए हैं। बैंक ने बेहतर नियंत्रण और निगरानी के लिए 2 नये क्षेत्रीय कार्यालय नामत:, गुवाहाटी (असम) तथा मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) में खोले हैं। कुल शाखाओं की संख्या 2,308 है, जिनमें से एक शाखा लंदन में है। सभी देशी शाखाएं सीबीएस से जुड़ गई हैं।

विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के कारण कई क्षेत्रों में बैंक की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में अभिवृद्धि हुई है और प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों के मामले में हम अग्रणी हैं।

नैगम सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर)

बैंक अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वाह भी पूर्ण रूप से कर रहा है। इसके लिए उसने कई लोकोपकारी कार्यों में जोरदार भागीदारी की है, नामत:, 'ऐला' साइक्लोन से पीड़ितों की मदद करके जिसमें पश्चिम बंगाल के कई द्विपीय गाँव बह गए थे, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत उपाय किए गए। मुंबई की आतंकवादी घटना में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि के रूप में दूरदर्शन कार्यक्रम को प्रायोजित करके, नेत्रहीन और शारीरिक दृष्टि से विकलांग बच्चों को कंप्यूटर/साफ्टवेयर प्रदान करके, गरीब ग्रामीणों के लिए कार्नियल ट्रांसप्लान्टेशन सर्जरी कैम्पों का आयोजन करके, ओल्ड एज होम की मदद, बाल कल्याण योजनाओं का प्रायोजन, विधवाओं को सिलाई मशीन प्रदान करना, शारीरिक रूप से विकलांगों को ट्राइसिकिल प्रदान करना, रूडसेटी के माध्यम से उद्यमिता विकास कार्यक्रमों का आयोजन और गाँवों में कृषि एक्सटेन्शन कार्यक्रमों का आयोजन जैसे कार्य शामिल हैं।

अगली मंजिल

वर्ष 2010-11 के दौरान अल्प लागतवाली जमा, आस्ति की गुणवत्ता में सुधार, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और कमजोर वर्गों को ऋण, अनर्जक आस्तियों के स्तर को कम करना, शुल्क आधारित आय को बढ़ाना तथा हाउस कीपिंग को चुस्त-दुरुस्त करने जैसे महत्त्वपूर्ण कार्यों की तरफ पूर्ण रूप से ध्यान केन्द्रित करना है।

आपके बैंक ने वित्तीय समावेशन का चयन एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में किया है और उसने इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रौद्योगिकी आधारित शाखा रहित कारोबारी करेस्पांडेंट मॉडल को अंगीकार किया है। बैंक ने वित्तीय समावेशन के तहत मार्च 2012 तक 1,620 शाखाओं को लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को एक योजना प्रस्तुत की है।

BANK'S KEY STRATEGIC INITIATIVES

The Bank has signed a memorandum of Agreement with Stock Holding Corporation of India Ltd. for e-Stamp vending across the country.

The Bank has embarked upon an ambitious project of providing Payment Gateway services, whereby the customers can purchase products / services online and make payment from their accounts with the Bank, via Internet Banking.

The Bank proposes to bring all the 5 sponsored RRBs with 1,328 branches under CBS, which shall bring in uniformity in the functioning and ease of operations.

In its 85th year of operations, the Bank opened 85 new branches and Extension Counters, a good number of them in Tier 3 to Tier 6 centres and under-banked districts. The Bank also opened 2 new Regional Offices i.e. at Guwahati (Assam) and Moradabad (UP) for better control and monitoring. The total network of the branches stood at 2,308 branches including one branch at London. All the domestic branches are networked under CBS.

The Bank has built competencies in other areas as well by offering a range of products and services and by taking lead in Priority Sector Advances.

CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY (CSR)

The Bank has been fulfilling its social responsibilities by actively participating in activities aimed at taking up humanitarian causes like helping the victims of the cyclone 'AILA' that washed away several island villages in West Bengal, Relief measures for the flood-effected in AP and Karnataka, sponsoring a Doordarshan program to pay homage to the martyrs of terrorist attack in Mumbai, donating computers/software to visually and physically challenged children, sponsoring corneal transplantation surgery camps for the rural poor, helping old-age-homes, sponsoring child welfare schemes and donating sewing machines to widows and tricycles to physically challenged persons, conducting entrepreneurial development programmes through RUDSETIs and organizing agricultural extension programmes in villages.

THE ROAD AHEAD

During the year 2010-11 the focus will be on increasing share of Low Cost Deposits, improvement in asset quality, lending to priority sector & weaker sections, reducing NPA level, increasing fee based income and improving housekeeping.

Your Bank has chosen Financial Inclusion as a thrust area and has adopted Technology based Business Correspondent Model of branchless banking to achieve the objective. The Bank has already submitted a plan to RBI to cover 1,620 villages under Financial Inclusion by March 2012.

बैंक के मानव संसाधन का दर्शन स्वीकरण के चिंतन पर आधारित है और वह प्रत्येक कर्मचारी की अंदरूनी संभाव्यताओं को प्रशिक्षण, ज्ञान को अद्यतन करके तथा कौशल को धारदार बनाकर उसे कार्य की आवश्यकताओं में हो रहे नित्यप्रति परिवर्तनों और गत्यात्मकता की दृष्टि से निखारकर सामर्थ्यवान बनाना है। नैतिक मूल्यों और पारदर्शिता के साथ किसी प्रकार का समझौता किए बगैर कारोबारी लक्ष्यों को पूरा करना ही आनेवाले वर्षों की प्राथमिकता है।

आपका बैंक सभी पणधारियों के मूल्य में वृद्धि करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए वह कार्य के मामले में उच्चस्तरीय व्यावसायिक मानकों का प्रयोग करेगा पर उसकी नजर के मूल में आम आदमी होगा जिसे सर्वोत्तम बैंकिंग सुविधाएं उसकी पहुँच के अंदर उपलब्ध कराई जाएंगी।

मुझे पक्का विश्वास है कि इस अंदरूनी ताकत और क्षमता के बलबूते आपका बैंक कामयाबी की एक नई ऊँची मंज़िल को हासिल करेगा।

आभार

मैं इस अवसर पर निदेशक मंडल के सदस्यों, भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के उनके बहुमूल्य सहयोग एवं मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। शेयरधारकों ने हममें जो आस्था एवं विश्वास व्यक्त किया है उसके लिए मैं सभी शेयरधारकों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। मैं अपने सभी ग्राहकों को उनके निरंतर सहयोग एवं समर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। मैं इस संस्था को मजबूत एवं गुंजायमान संगठन बनाने के लिए अपने स्टॉफ सदस्यों की प्रशंसा करता हूँ तथा उनकी प्रतिबद्धता, समर्पण और मूल्यवान योगदान को अभिलेखित करता हूँ।

सादर,

आपका

(बसंत सेठ)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : मणिपाल
दिनांक : 27-05-2010

The H R Philosophy of the Bank revolves around recognition and enhancing the inherent human potential in every employee through training, updating knowledge and sharpening of skills to meet the ever changing and dynamic job requirements. Combining business goals without compromising on ethics and transparency will be the priority in the coming years.

Your bank is committed to enhancing value for all stake holders through adherence to the highest standards of professionalism in work keeping at the core of its vision the 'Aam Aadmi', for providing the best banking solutions at affordable price.

I am sure that with its inherent strength and resilience, your Bank will be able to propel itself to the next level of growth.

ACKNOWLEDGEMENT

I would like to take this opportunity to thank the members of the Board, the Government of India and the Reserve Bank of India for their valuable support and guidance. I thank all our shareholders for the confidence and faith they have reposed in us. I thank all our customers for their continued co-operation and support. I would also like to place on record my appreciation of the dedication, commitment and valuable contribution of our staff members in building a stronger and vibrant organization.

With regards,

Yours sincerely

(Basant Seth)
Chairman & Managing Director

Place : Manipal
Date : 27-05-2010

वार्षिक आम बैठक/ANNUAL GENERAL MEETING

25 जून 2010–मणिपाल/25th June 2010–MANIPAL

घटनाओं का महत्वपूर्ण कैलेंडर/IMPORTANT CALENDAR OF EVENTS

प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा नियुक्त प्रॉक्सी फार्म एवं संकल्प प्राप्त होने की अंतिम तिथि Last date for receipt of proxy forms and resolutions appointing authorized representatives	21-06-2010 (सोमवार/Monday)
वार्षिक रिपोर्ट भेजने की तारीख Mailing of Annual Reports	27-05-2010 से/to 29-05-2010
बहियों का समापन Book Closure	18-06-2010 से/to 25-06-2010
वार्षिक आम बैठक की तारीख Date and time of Annual General Meeting	25-06-2010 (शुक्रवार) प्रात:11.30 बजे/ (Friday) 11.30 a.m.

पंजीयक एवं शेयर अंतरण एजेंट

मेसर्स. कार्वी कम्प्यूटर शेयर (प्रा.) लिमिटेड
यूनिट: सिंडिकेटबैंक
प्लाट सं. 17 से 24, विट्ठलराव नगर
माधापुर, हैदराबाद 500081
दूरभाष: 040 44655000 - विस्तार:116
या 040 44655116 (सीधा)
फैक्स सं.: 040 23420814

Registrars & Share Transfer Agents:

M/s Karvy Computershare (P) Ltd.
Unit: SyndicateBank
Plot No. 17 to 24, Vithalrao Nagar
Madhapur, Hyderabad 500081
Phone No. 040 44655000 – Extn.:116
or 040 44655116 (D)
Fax No. 040 23420814

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

विश्वसनीय. मैत्रीपूर्ण Faithful. Friendly

भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking

सूचना

सूचना दी जाती है कि सिंडिकेट बैंक के शेयरधारकों की ग्यारहवीं वार्षिक आम बैठक शुक्रवार 25 जून 2010 को प्रात: 11.30 बजे से सिंडिकेट बैंक स्वर्ण जयंती सभाभवन, मणिपाल – 576 104, में निम्नलिखित कारोबार का संव्यवहार करने के लिए होगी:

1. 31 मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार बैंक के तुलन–पत्र और उस तारीख को समाप्त हुए वर्ष के संबंध में लाभ व हानि लेखा, लेखे से संबंधित अवधि के दौरान बैंक के कार्यचालन और उसकी गतिविधियों पर निदेशकों के प्रतिवेदन और तुलन–पत्र तथा लेखों पर लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन पर चर्चा करने, उसका अनुमोदन करने और अंगीकार करने के लिए ।

2. वित्तीय वर्ष 2009-10 के लिए लाभांश की घोषणा करने के लिए।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा

(बसंत सेठ)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : मणिपाल
दिनांक : 27-05-2010

NOTICE

NOTICE is hereby given that the Eleventh Annual General Meeting of the shareholder members of SyndicateBank will be held at SyndicateBank Golden Jubilee Auditorium, Manipal - 576 104 on Friday, the 25th June 2010 at 11.30 a.m. to transact the following business:

1. To discuss, approve and adopt, the Balance Sheet of the Bank as at 31st March 2010 and the Profit & Loss Account of the Bank for the year ended on that date, the Report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts.

2. To declare dividend for the financial year 2009-10.

By Order of the Board of Directors

(Basant Seth)
Chairman and Managing Director

Place : MANIPAL
Date : 27-05-2010

नोट

(i) **प्रॉक्सी की नियुक्ति**

बैठक में भाग लेने एवं मतदान करने हेतु पात्र शेयरधारक सदस्य को अपने स्थान पर बैठक में भाग लेने तथा स्वयं को छोड़कर मतदान करने के लिए प्रॉक्सी नियुक्त करने का अधिकार है । प्रॉक्सी बैंक का शेयरधारक हो यह आवश्यक नहीं है। प्रॉक्सी की सूचना प्रभावी होने हेतु प्रॉक्सी फार्म वार्षिक आम बैठक प्रारंभ होने से कम से कम **चार दिन** पहले अर्थात् सोमवार 21 जून 2010 को कार्य समय समाप्त होने के समय या उससे पहले बैंक के प्रधान कार्यालय, मणिपाल में अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए ।

(ii) **प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति**

कोई भी ऐसा व्यक्ति किसी कंपनी अथवा किसी निकाय कारपोरेट, जो कि शेयरधारक है, के विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बैठक में उपस्थित होने अथवा मतदान करने का तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि वह विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने विषयक संकल्प, जिस बैठक में वह पारित किया गया था उसके अध्यक्ष द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित न हो, की प्रति सिंडिकेटबैंक, प्रधान कार्यालय, मणिपाल में, वार्षिक आम बैठक की तारीख से **चार दिन** पहले अर्थात् सोमवार, 21 जून 2010 को कार्य समय समाप्त होने के समय या उससे पहले जमा नहीं करता/करती है।

(iii) **उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र**

शेयरधारक सदस्यों की सुविधा के लिए उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र इस नोटिस के साथ संलग्न है । शेयरधारकों/प्रॉक्सीधारकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उसमें निर्धारित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें और उसे बैठक स्थल पर सौंप दें । शेयरधारक के प्रॉक्सी/प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थिति पर्ची -सह-प्रवेश पत्र पर 'प्रॉक्सी' अथवा ''प्राधिकृत प्रतिनिधि'' जैसी भी स्थिति हो, का उल्लेख करना चाहिए ।

(iv) **वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां**

शेयरधारक सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियाँ वार्षिक आम बैठक के स्थान पर वितरित नहीं की जाएंगी इसलिए शेयरधारकों से अनुरोध किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियाँ अपने साथ लाएँ । वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियाँ पंजीकृत पते पर ड़ाक द्वारा भेज दी गई है ।

(v) **लेखा विषयक सूचना**

शेयरधारक यदि खाते के संबंध में कोई जानकारी चाहते हैं तो उनसे अनुरोध है कि बैंक को लिखें और उनके द्वारा माँगी गई जानकारी बैंक को कम से कम वार्षिक आम बैठक से एक सप्ताह पहले मिल जानी चाहिए ताकि प्रबंधक वर्ग सूचना तैयार करके रख सके। वार्षिक आम बैठक के समय उसके जवाब दिए जायेंगे ।

(vi) **बही बंदी**

वार्षिक आम बैठक के सिलसिले में और अंतिम लाभांश 2009-10 की पात्रता निर्धारित करने के लिए शेयरधारकों की पंजी और बैंक की

NOTES

(i) **APPOINTMENT OF PROXY**

A SHAREHOLDER ENTITLED TO ATTEND AND VOTE AT THE MEETING IS ENTITLED TO APPOINT A PROXY TO ATTEND AND VOTE INSTEAD OF HIMSELF/HERSELF AND SUCH A PROXY NEED NOT BE A SHAREHOLDER OF THE BANK. The Proxy form, in order to be effective, must be received by the Bank at its Head Office at Manipal not less than FOUR DAYS before the date of the Annual General Meeting i.e., on or before the closing hours of Monday, the 21st June 2010.

(ii) **APPOINTMENT OF AN AUTHORISED REPRESENTATIVE**

No person shall be entitled to attend or vote at the meeting as a duly authorized representative of a Company or any body corporate which is a shareholder of the Bank, unless a copy of the resolution appointing him/her as a duly authorized representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed, shall have been deposited at the Head Office of the Bank at Manipal not less than FOUR DAYS before the date of the Annual General Meeting, i.e., on or before the closing hours of Monday, the 21st June 2010.

(iii) **ATTENDANCE SLIP-CUM-ENTRY PASS**

For the convenience of the shareholders, Attendance Slip-Cum-Entry Pass is annexed to this notice. Shareholders/ Proxy holders/Authorised Representatives are requested to affix their signatures at the space provided therein and surrender the same at the venue. Proxy/Authorized Representative of shareholders should state on the Attendance Slip-Cum-Entry Pass as "Proxy" or "Authorized Representative" as the case may be.

(iv) **COPIES OF ANNUAL REPORT**

Shareholder Members are advised that copies of the Annual Report will not be distributed at the venue of the Annual General Meeting and hence, the Members are requested to bring their copies of the Annual Report, which are mailed by the Bank to them at the registered addresses.

(v) **INFORMATION ON THE ACCOUNTS**

Shareholders seeking any information on the Accounts are requested to write to the Bank, which should reach the Bank atleast one week before the date of the Annual General Meeting to enable the Management to keep the information ready. Replies will be provided only at the Annual General Meeting.

(vi) **BOOK CLOSURE**

The Register of shareholders and the Share Transfer Register of the Bank will remain closed from Friday, the

शेयर अंतरण पंजी शुक्रवार, 18 जून 2010 से शुक्रवार, 25 जून 2010 तक (दोनों दिन शामिल हैं) बंद रहेंगी।

(vii) **लाभांश का भुगतान**

निदेशक मंडल द्वारा यथा प्रस्तावित अंतिम लाभांश का भुगतान उन शेयरधारकों को जिनके पास फिजिकल फार्म में शेयर हैं और जिनके नाम बैंक के शेयरधारक/ सदस्यों के रजिस्टर में शुक्रवार, 25 जून 2010 तक दर्ज हैं और बेकागजीकृत रूप के शेयरों के मामले में गुरुवार, 17 जून 2010 को कारोबार की समाप्ति के समय की स्थिति के अनुसार डिपाजिटरी द्वारा उपलब्ध की गई हिताधिकारी स्वामियों की सूची के अनुसार लाभांश वारंट वार्षिक आम बैठक की तारीख से 30 दिन के अंदर डाक से भेजे जाएंगे/जमा कर दिए जाएंगे।

(viii) **लाभांश हेतु बैंक अधिदेश या इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (ई सी एस)**

क) शेयरधारकों से अपेक्षित है कि वे जहाँ पर अपने लाभांश वारंटों को जमा कराना चाहते हों, उस बैंक का नाम, शाखा का नाम, स्थान एवं खाता संख्या का उल्लेख करें। ये सूचनाएं लाभांश वारंट के चेक हिस्से में शेयरधारक के नाम के साथ मुद्रित की जाएंगी ताकि लाभांश वारंट का कपटपूर्ण नकदीकरण कराने से बचा जा सके। इन विवरणों को प्रथम/एकमात्र धारक द्वारा फोलियो संख्या, धारित शेयरों की संख्या, धारिता संबंधी ब्यौरे आदि बताते हुए सीधे हैदराबाद स्थित रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेंट को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

ख) बैंक, विनिर्दिष्ट शहरों में रहनेवाले शेयरधारकों को ई.सी.एस. की सुविधा प्रदान कर रहा है। लाभांशों को जमा करवाने के लिए, शेयरधारक बैंक अधिदेश प्रणाली के बदले में इस सुविधा का भी उपयोग कर सकते हैं। विकल्प फार्म इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

ग) संप्रति ई.सी.एस. सुविधा, भा.रि.बैं. द्वारा अनुमोदित 81 केन्द्रों में प्रचलन में है। ई.सी.एस. केन्द्रों की सूची इस रिपोर्ट के साथ संलग्न की गयी है।

घ) बैंक के सभी शाखाओं को सी.बी.एस. (कोर बैंकिंग सोल्यूशन) के अंतर्गत लाया गया है। हमारे बैंक में खाता रखनेवाले निवेशकों से अनुरोध है कि वे अपनी 14 अंकोवाली बचत बैंक/चालू खाता/ओवरड्राफ्ट खाता संख्या प्रस्तुत करें ताकि लाभांश की रकम को सीधे खाते में जमा किया जा सके।

(ix) **अंतरण**

अंतरण विलेख के साथ शेयर प्रमाणपत्र अंतरण हेतु रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट को भेजे जाने चाहिए। मई 2009 से सेबी ने अंतरण विलेख के प्रस्तुतीकरण के समय अंतरिती द्वारा ''पैन कार्ड'' के ब्यौरे (पैन कार्ड की अनुप्रमाणित प्रति) प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया है।

18th June 2010 to Friday, the 25th June 2010 (both days inclusive), for the purpose of Annual General Meeting and for ascertaining the entitlement of dividend 2009-10.

(vii) **PAYMENT OF DIVIDEND**

Payment of dividend to shareholders, as proposed by the Board of Directors, shall be paid to those shareholders holding shares in physical form, whose names appear on the Register of Members/ Shareholders of the Bank as on Friday, the 25th June 2010 and in respect of shares held in dematerialised form, the dividend will be paid on the basis of beneficial ownership as per details to be furnished by the depositories as at the end of business on Thursday, the 17th June 2010. The dividend warrants shall be mailed / credited within 30 days from the date of Annual General Meeting.

(viii) **BANK MANDATE FOR DIVIDEND OR ELECTRONIC CLEARING SERVICE (ECS)**

a) The shareholders are required to furnish their Bank Account number, the name of the Bank and the Branch, where they would like to deposit the Dividend Warrants for encashment. These particulars will be printed on the cheque portion of Dividend Warrants, besides the name of the shareholders so as to avoid fraudulent encashment of warrants. These details should be furnished by the first/sole shareholder directly to the Registrar & Share Transfer Agent at Hyderabad, quoting the folio number, number of shares held, details of the holdings etc.

b) The Bank is also offering the facility of ECS for shareholders residing in specified cities. This facility could be used by the shareholder instead of Bank Mandate system for receiving the credit of dividend. Option Form is annexed to this Report.

c) The ECS facility is presently in operation at 81 Centres approved by RBI. List of ECS centres is annexed to this report.

d) All the branches of the Bank are in the CBS (Core Banking Solutions) fold. The investors, who maintain their accounts with our Bank, are requested to provide us their 14 digit Savings Bank/ Current/ Overdraft Account Number for direct credit of dividend to their accounts.

(ix) **TRANSFERS**

Share Certificates along with share transfer deeds should be forwarded to the Registrar and Share Transfer Agent for transfer. From May 2009, the SEBI has made submission of PAN Card details (attested copies of PAN Card) by the transferees' at the time of submission of transfer deeds.

(x) **पते में परिवर्तन**

क) **कागज़ी फॉर्म में शेयर रखना**

कागज़ी फॉर्म में शेयर रखनेवाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि अपना पंजीकृत पता, लाभांश अध्यादेश और बैंक, शाखा और बैंक खाता संख्या इत्यादि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट को निम्नलिखित पते पर सूचित करें:

मेसर्स कार्वी कंप्यूटर शेयर (प्राइवेट) लिमिटेड
यूनिट: सिंडिकेटबैंक
प्लाट सं. 17 से 24
विट्ठलराव नगर, माधापुर
हैदराबाद – 500 081
दूरभाष सं.: 040 44655000 एक्स्टेंशन 116
या 040 44655116 (डी)
फैक्स सं. 040 23420814

यदि पते में परिवर्तन के लिए अनुरोध किया जाता है तो अनुरोध-पत्र के साथ पते का सबूत किया जाना चाहिए जैसे दूरभाष बिल की अनुप्रमाणित प्रति, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि ।

ख) **इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में शेयर रखना**

इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म अर्थात् डी-मैट खाते में शेयर रखनेवाले हिताधिकारी स्वामी के मामले में बैंक केवल उनके डिपॉसिटरी सहभागी (डी.पी.) के पास उपलब्ध ब्यौरे जैसे कि पता, लाभांश अधिदेश और बैंक, शाखा, बैंक खाता संख्या इत्यादि को ही गणना में लेगा ।

इसलिए हिताधिकारी स्वामियों से यह सुनिश्चित करने हेतु अनुरोध किया जाता है कि वे अपने डिपॉजिटरी सहभागी के पास अपना पता, बैंक संबंधी विवरण इत्यादि को विधिवत् अपलोड करवाएं ताकि वे तत्संबंधी संसूचना, वार्षिक रिपोर्ट, लाभांश इत्यादि को ठीक समय पर प्राप्त कर सकें ।

(xi) **बैंक के शेयरों का बेकागज़ी रूप में (डिमैट) अनिवार्य शेयर व्यापार**

भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा दिए गए दिशा निदेशों के अनुसरण में सभी निवेशकों के लिए हमारे बैंक के शेयरों का बेकागज़ी रूप में व्यापार 26 जून 2000 से अनिवार्य कर दिया गया है।

बैंक ने नेशनल सेक्यूरिटीज़ डिपोज़िटरी लिमिटेड (एन.एस.डी.एल.) और सेंट्रल डिपोज़िटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सी.डी.एस.एल.) से बैंक के शेयरों के बेकागज़ीकरण के लिए निर्गमकर्ता कंपनी के रूप में करार किया है।

बेकागज़ीकरण संबंधी अनुरोध संबंधित डिपोज़िटरी सहभागी के माध्यम से हमारे रजिस्ट्रार और शेयर ट्रॉन्सफर एजेन्ट को भेजे जाएं।

(xii) **बैंक द्वारा प्रदान की जानेवाली डी.पी. सेवाएं**

हमारे बैंक निम्नलिखित डी.पी. सेवाएँ प्रदान करता है:

1. बेकागजीकरण
2. पुन: कागजीकरण

(x) **CHANGE OF ADDRESS**

a) **Holding of shares in Physical Forms**

Shareholders holding shares in physical form are requested to intimate changes, if any, in their registered address, dividend mandate and the particulars of the Bank, Branch and Bank account number, etc., to the Registrar and Share Transfer Agent of the Bank at the following address:

M/s Karvy Computershare (P) Ltd.
Unit: SyndicateBank
Plot No. 17 to 24,
Vithal Rao Nagar, Madhapur
HYDERABAD – 500 081
Phone No. 040 44655000 – Extn.: 116
or 040 44655116 (D)
Fax No. 040 23420814

Request for change of address should be submitted alongwith address proof, such as attested copies of Telephone Bill, Passport, Voter ID Card, Ration Card, Driving License etc.

b) **Holding of shares in Electronic Form**

In case of Beneficial owners holding shares in Electronic Form i.e. through a Demat account, the Bank will take into consideration only the details like address, dividend mandate and the particulars of the Bank, Branch and Bank account number etc., available with their Depository Participant (DP).

BENEFICIAL OWNERS ARE, THEREFORE, REQUESTED TO ENSURE THAT THE ADDRESS, BANK DETAILS, ETC., ARE DULY UPLOADED WITH THEIR DEPOSITORY PARTICIPANTS SO THAT THEY MAY RECEIVE THE COMMUNICATION, ANNUAL REPORTS, DIVIDEND ETC., IN TIME.

(xi) **COMPULSORY TRADING OF SHARES OF THE BANK IN DEMATERIALISED (DEMAT) FORM**

Pursuant to the directive given by SEBI, trading of our Bank Shares in Dematerialized form has been made compulsory for all investors with effect from June 26, 2000.

The Bank has entered into an agreement with National Securities Depository Ltd. (NSDL) and Central Depository Services (India) Ltd. (CDSL) as an issuer company for dematerialization of Bank's shares.

Request for dematerialization may be sent through respective depository participants to our Registrars and Share Transfer Agents.

(xii) **DP SERVICES OFFERED BY THE BANK**

Our Bank provides following DP Services:

1. Dematerialization.
2. Rematerialisation.

3. प्रतिभूतियों को इलेक्ट्रानिक फॉर्म में रखना
4. सुपुर्दगी द्वारा व्यापार का निपटान-ऑन मार्केट, ऑफ मार्केट और इंटर डेपोजिटरी ।
5. प्रतिभूतियों की गिरवी/गिरवी मुक्त करना
6. डीमैट खातों को जब्त करना/मुक्त करना

डी.पी. सेवाएं युक्त शाखाओं के ब्यौरे हमारे बैंक के वेबसाइट www.syndicatebank.in पर उपलब्ध हैं ।

(xiii) **फोलियो का समेकन**

एक ही नाम पर तथा उसी क्रम में विभिन्न फोलियों में शेयरधारण करनेवाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे ऐसे शेयरधारण के ब्यौरे शेयर अंतरण एजेंटों को प्रस्तुत करें ताकि वे उन शेयर पूंजियों को एक ही पूंजी के अंतर्गत समेकित कर सकें। इससे बैंक, शेयरधारकों को और अधिक कारगर ढंग से सेवा दे पायेगा।

(xvi) **अन्य सूचना**

शेयरधारक कृपया ध्यान दें कि बैठक में कोई उपहार/ कूपन वितरित नहीं किया जाएगा।

(xv) **निवेशक संबंध केन्द्र**

शेयरधारकों को शीघ्र और दक्षतापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने के लिए सिंडिकेटबैंक ने अपने नैगम कार्यालय, बेंगलूर में निवेशक संपर्क विभाग खोला है। शेयरधारक और निवेशक किसी भी सहायता के लिए इस केन्द्र से निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकते हैं:

कंपनी सचिव
निवेशक संबंध केन्द्र
सिंडिकेटबैंक, नैगम कार्यालय
II क्रॉस, गांधीनगर, बेंगलूर- 560 009 (कर्नाटक)
दूरभाष: 080 - 22283030 फैक्स: 080 - 22283030
ईमेल: inrc@syndicatebank.co.in (सामान्य)
निवेशक की शिकायत : syndinvest@syndicatebank.co.in

3. Holding of securities in electronic form.
4. Settlement of trades by delivery - On market, off market and Inter-depository.
5. Pledge/Unpledge of securities.
6. Freezing/unfreezing of Demat Accounts.

Details of branches enabled for DP Services are available in our Bank's Website www.syndicatebank.in

(xiii) **CONSOLIDATION OF FOLIOS**

Shareholders holding shares in various folios with identical names and in same order are requested to furnish details of such holding to the Share Transfer Agents, to enable them to consolidate those holdings into a single holding. This will facilitate the Bank to service the shareholders more effectively.

(xiv) **OTHER INFORMATION**

Shareholders may kindly note that no gift/ coupon will be distributed at the meeting.

(xv) **INVESTOR RELATIONS CENTRE**

In order to facilitate quick and efficient service to the shareholders, Syndicate Bank has set up an Investor Relations Centre at its Corporate Office, Bengaluru. Shareholders may contact this Centre at the under mentioned address for any assistance-

The Company Secretary
Investor Relations Centre
SyndicateBank – Corporate Office
2[nd] Cross Gandhinagar
Bengaluru – 560 009 (Karnataka)
Tel 080 - 22283030, Fax - 080 - 22283030
E-mail: inrc@syndicatebank.co.in (General)
Investor Grievances: syndinvest@syndicatebank.co.in

स्थान : मणिपाल
दिनांक : 27-05-2010

(बसंत सेठ)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

Place : Manipal
Date : 27-05-2010

(Basant Seth)
Chairman and Managing Director

निदेशकों की रिपोर्ट

निदेशक मंडल 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष का वार्षिक प्रतिवेदन के साथ लेखा परीक्षित तुलन-पत्र और 31 मार्च 2010 को समाप्त वित्तीय वर्ष का लाभ व हानि लेखा विवरण सहर्ष प्रस्तुत करता है ।

प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण पत्र

वैश्विक अर्थव्यवस्था:

वैश्विक अर्थव्यवस्था चालू नीतिगत समर्थन और उभरती बाजार की वित्तीय परिस्थितियों के फलस्वरूप आशा से कहीं अधिक तेजी से वैश्विक संकट से उभर रही है। विशेषकर एशिया की उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएं इस उभरने की प्रक्रिया का नेतृत्व कर रही हैं, जबकि विकसित देशों में इसकी विकास गति कम है । वैश्विक अर्थव्यवस्था को लगातार यू.एस. और यूरो क्षेत्र की 10% का उच्च बेरोजगारी स्तर जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) ने अप्रैल 2010 के अपने अद्यतन वैश्विक आर्थिक आऊटलुक में प्रोजेक्ट किया है कि वैश्विक विकास जो 2009 में (-0.6%) उतार पर था वह 2010 में 4.2% की गति पकड़ेगी तथा वर्ष 2011 में यह बढ़कर 4.3% हो जाएगी ।

विकसित अर्थव्यवस्थाओं में संयुक्त राज्य का विकास यूरोप और जापान की तुलना में कहीं ज्यादा हुआ है। आई.एम.एफ. में प्रोजेक्ट किया है कि संयुक्त राज्य का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2009 के (–2.4%) की गति से उभर कर वर्ष 2010 में 3.1% हो जाएगा। यूरो क्षेत्र में विकास वर्ष 2009 के (–4.1%) से बढ़कर वर्ष 2010 में 1.0% हो जाएगा । उभरती विश्व अर्थव्यवस्थाओं में चीन अपनी घरेलू माँग के कारण तेज गति से आगे बढ़ता रहेगा । चीन के लिए वर्ष 2010 के लिए विकास गति का पूर्वानुमान 10% और भारत के लिए भी 8.8% लगाया गया है । मलेशिया और थाईलैंड भी वर्ष 2009 के द्वितीयार्ध में विकास के क्षेत्र में सकारात्मक रुख दर्ज किए हैं। इण्डोनेशिया 2009 में पूरा वर्ष विकास के पथ पर रहा ।

वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति की दर नवंबर 2009 से जनवरी 2010 के बीच ज्यादा रही। खाद्य पदार्थों, धातु और क्रूड तेल के दामों में कमी आने से मुद्रास्फीति की दर फरवरी 2010 में कम हुई तथा पुन: मार्च 2010 में कुछ प्रमुख देशों में यह बढ़ी। यद्यपि कई उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति की दर बढ़ती रही, जबकि भारत में अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में मुद्रास्फीति की दर बहुत ज्यादा रही ।

घरेलू अर्थव्यस्था:

भारतीय अर्थव्यवस्था पूरी तरह सुधार के मार्ग पर अग्रसर है । अक्तूबर 2009 से निर्यात बढ़ता जा रहा हैं और आशा की जाती है कि यह प्रवृत्ति बनी रहेगी । वर्ष 2009-10 के लिए सकल घरेलू उत्पाद का अग्रिम आकलन, जैसा कि केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन ने जारी किया है, के अनुसार जो वर्ष 2008-09 में 6.7% थी, की तुलना में वर्ष 2009-10 में 7.2 से 7.5% के बीच रहेगी । कृषि और उसकी सहायक गतिविधियों का समग्र विकास जो वर्ष 2008-09 में 1.6% था, की तुलना में वर्ष 2009-10 में घट कर (-0.2%) होगी, ऐसा अनुमान लगाया गया है । औद्योगिक क्षेत्र में आशा की जाती है कि वर्ष 2008-09 के 3.9% की तुलना में वर्ष 2009-10 में यह बढ़कर 8.2% हो जाएगी । इसी प्रकार सेवा क्षेत्र केलिए वर्ष 2009-10 में विकास का अनुमान 8.7% लगाया गया है ।

इस वर्ष सामान्य मानसून के होने और घरेलू तथा बाहरी बाजार में बढ़ती मांग के मद्देनज़र औद्योगिक तथा सेवा क्षेत्रों में अच्छा निष्पादन होने की संभावना

DIRECTORS' REPORT

The Board of Directors is pleased to present the Bank's Annual Report along with the Audited Balance Sheet as on 31st March 2010 and the Profit & Loss Account statement for the financial year ended 31st March 2010.

MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

Global Economy

The global economy is recovering faster than expected from the global crisis amidst ongoing policy support and improving financial market conditions. The recovery process is led by EMEs, especially those in Asia, as growth remains weak in advanced economies. The global economy continues to face several challenges such as high levels of unemployment, which is close to 10% in the US and the Euro area. In its World Economic Outlook update for April 2010, the International Monetary Fund (IMF) has projected that global growth will recover from a decline of (– 0.6%) in 2009 to a growth of 4.2% in 2010 and a growth of 4.3% in 2011.

Among the advanced economies, the United States is off to a better start than Europe and Japan. IMF projected that US GDP growth will recover from (– 2.4%) in 2009 to 3.1% in 2010. Growth in Euro area will recover from (– 4.1%) in 2009 to 1.0% in 2010. Amongst EMEs, China continues to grow at a rapid pace, led mainly by domestic demand. China's growth is forecast at 10% in 2010, with India also at a rapid pace of 8.8%. Malaysia and Thailand have recovered to register positive growth in the second half of 2009. Indonesia recorded positive growth throughout 2009.

Global headline inflation rates rose between November 2009 and January 2010, softened in February 2010 on account of moderation of food, metal and crude prices and again rose marginally in some major economies in March 2010. Though inflation has started rising in several EMEs, India is a significant outlier with inflation rates much higher than in other EMEs.

Domestic Economy

The Indian economy is firmly on the recovery path. Exports have been expanding since October 2009, a trend that is expected to continue. As per the advance estimates of GDP for 2009-10, released by Central Statistical Organisation (CSO), the economy is expected to grow between 7.2 and 7.5% in 2009-10 as against 6.7% in 2008-09. The overall growth in agricultural and allied activities during 2009-10 is estimated to decline to (– 0.2%), as against a growth of 1.6% in 2008-09. The industrial sector is expected to grow at 8.2% in 2009-10 as against 3.9% in 2008-09. Services sector is estimated to grow at 8.7% in 2009-10.

On balance, under the assumption of a normal monsoon and sustenance of good performance of the industrial and services sectors on the back of rising domestic and

के मद्देनज़र वर्ष 2010-11 के लिए सकल घरेलू उत्पाद का बेस लाईन 8.0% ऊर्ध्वमुखी प्रोजेक्ट किया गया है ।

मौद्रिक विकास

थोक मूल्य सूचकांक की मुद्रास्फीति जो सुर्खियों में थी, वह 2009-10 की पहली छमाही में संयत हुई और वर्ष की दूसरी छमाही में स्थिर रही। यह अक्तूबर 2009 के 1.5% से बढ़कर मार्च 2010 को 9.9% तक पहुँच गई। घरेलू माँग, आपूर्ति शेष तथा पण्यमूल्यों के रूझान को देखते हुए थोक मूल्य सूचकांक के मुद्रास्फीति का मार्च 2011 के लिए आधारभूत पूर्वानुमान 5.5% लगाया गया है।

व्यापक मुद्रा (एम 3) (26 मार्च, 2010 तक) रु. 55,83,259 करोड़ रही और पिछले वर्ष की अनुरूपी अवधि के दौरान दर्ज की गई 19.3 की तुलना में इस वर्ष 16.7 रही। वर्ष 2009-10 के दौरान व्यापक मुद्रा भारतीय रिजर्व बैंक के इंगित पूर्वानुमान 16.5 से थोड़ा ऊपर रही। भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्ष 2010-11 के लिए व्यापक मुद्रा में वृद्धि का अनुमान 17% लगाया है।

बैंकिंग विकास:

अनुसूचित वणिज्यिक बैंकों की सकल जमाराशियों वर्षानुवर्ष के आधार पर 26 मार्च, 2010 को 17% की दर से बढ़कर रु. 44,86,574 करोड़ हो गई है जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 19.9% दर्ज किया गया था। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सावधि जमाराशियों में मार्च 26, 2010 को 16.2% की वृद्धि दर्ज की गई है जो तुलनात्मक दृष्टि से पिछले राजकोषीय वर्ष में 23.86% दर्ज की गई थी। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सकल घरेलू जमाराशियों में राजकोषीय वर्ष 2010-11 के दौरान 18.0% वृद्धि होने का अनुमान है।

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सकल बैंक ऋण में पिछले राजकोषीय वर्ष में हुई 17.5% की वृद्धि की तुलना में मार्च 26, 2010 को 16.7% की वृद्धि हुई है और वह रु. 32,40,399 करोड़ हो गई हैं। गैर खाद्य ऋणों में वर्षानुवर्ष के आधार पर मार्च 26, 2010 को 16.9% वृद्धि हुई और वह रु. 31,91,909 करोड़ हो गया है जबकि तदनुरूपी पिछले राजकोषीय वर्ष में यह वृद्धि 17.5% दर्ज की गई थी। वाणिज्यिक क्षेत्रों को दिए गए बैंक ऋणों के वर्षानुवर्ष के आधार पर मार्च 26, 2010 को 15.8% वृद्धि हुई है जो रु. 30,20,516 करोड़ हो गया है, जबकि पिछले वर्ष तदनुरूपी अवधि के दौरान वृद्धि दर 16.8% थी। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए गैर खाद्य ऋणों के मामले में वर्ष 2010-11 के लिए 20% की वृद्धि का पूर्वानुमान लगाया गया।

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की बैंचमार्क मूल आधार दर में जुलाई 2009 से कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, मार्च और जून 2009 में आधार अंकों में 25-100 के रेंज में कटौती हुई है। ऋण कीमतों की यह आधार दर प्रणाली जुलाई 1,2010 से बीपीएलआर प्रणाली का स्थान ले लेगी। ऐसी उम्मीद है कि ऋणों का बेहतर मूल्य निर्धारण लाने में सुविधा होगी, उधार दरों की पारदर्शिता में बढ़ावा होगा तथा मौद्रिक नीति ट्रांसमिशन के मूल्यांकन में सुधार होगा।

बैंकिंग क्षेत्र के निवल विदेशी विनिमय आस्तियों (एन.एफ.ए.) में वर्षानुवर्ष के आधार पर मार्च 26, 2010 को गिरावट आई है (–5.3%) और रु. 12,73,042 करोड़ हो गया है जबकि तदनुरुपी पिछले राजकोषीय वर्ष में उसमें 3.6% की वृद्धि हुई थी।

बाह्य आर्थिक विकास

वर्ष 2009-10 की शुरुआत में निर्यात वृद्धि दर में गिरावट की गति देखी गई। भारत सरकार, वाणिज्य विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल 2009

external demand, the baseline projection of real GDP growth for 2010-11 is placed at 8.0% with an upside bias.

Monetary Developments

The Headline WPI inflation, which moderated in the first half of 2009-10, firmed up in the second half of the year. It accelerated from 1.5% in October 2009 to 9.9% by March 2010. On balance, keeping in view domestic demand-supply balance and global trend in commodity prices, the baseline projection for WPI inflation for March 2011 is placed at 5.5%.

Broad Money (M3) stood at Rs.55,83,259 crore (up to March 26, 2010) registering a y-o-y growth rate of 16.7% as compared to the growth rate of 19.3% registered during the corresponding period of the previous year. The M3 growth during the 2009-10 was slightly above the Reserve Bank's indicative projection of 16.5%. The RBI's projection of M3 growth for 2010-11 is placed at 17%.

Banking Developments

Aggregate deposits of SCBs grew y-o-y by 17% to Rs.44,86,574 crore as at March 26, 2009 as compared to 19.9% registered during the corresponding period of the previous fiscal. The y-o-y growth of time deposits with SCBs as on March 26, 2010 was 16.2% as compared to 23.86% for the corresponding period of previous fiscal. The aggregate deposits of SCBs are projected to grow by 18.0% during the fiscal 2010-11.

Gross bank credit of SCBs grew y-o-y by 16.7% to Rs.32,40,399 crore as on March 26, 2010 as against 17.5% for the corresponding period of the previous fiscal. Non-food credit grew y-o-y by 16.9% to Rs.31,91,909 crore as at March 26, 2010 as compared to the growth rate of 17.5% registered during the corresponding period of the previous fiscal. Bank credit to commercial sector increased y-o-y by 15.8% to Rs.30,20,516 crore up to March 26, 2010 as against the growth rate of 16.8% during the corresponding period of the previous fiscal. The aggregate growth in non-food credit of SCBs is projected to grow by 20% for the year 2010-11.

The benchmark prime lending rates (BPLRs) of SCBs have remained unchanged since July 2009 following reductions in the range of 25-100 basis points between March and June 2009. The Base rate system of loan pricing, which will replace the BPLR system with effect from July 1, 2010, is expected to facilitate better pricing of loans, enhance transparency in lending rates and improve the assessment of monetary policy transmission.

Net Foreign Exchange Assets (NFA) of banking sector declined y-o-y by (– 5.3%) to Rs.12,73,042 crore as at March 26, 2010 as compared to the growth rate of 3.6% during the corresponding period of the previous fiscal.

External Economic Developments

The beginning of 2009-10 saw acceleration in the fall of export growth rate. As per the Department of Commerce GOI estimates, trade deficit for April 2009 to March 2010

से मार्च 2010 के बीच व्यापार घाटा का आकलन यू.एस.डी. 102.10 बिलियन किया गया जो अप्रैल 2008 मार्च 2009 के घाटे यू.एस.डी. 118.40 बिलियन से तुलनात्मक दृष्टि में कम है। वर्ष 2008-09 के यू.एस.डी. 185.2 बिलियन की तुलना में वर्ष 2009-10 के निर्यातों का संचयी मूल्य 176.5 बिलियन यूएसडी आकलित किया गया है जो (–4.7%) की कमी दर्शाता है। वर्ष 2008-2009 के संचयी आयात मूल्य यूएसडी 303.7 बिलियन डॉलर की तुलना में 2009-10 का कुल संचयी आयात मूल्य यूएसडी 278.7 बिलियन आकलित किया गया है जो (-8.2%) की कमी बताता है। निर्यातों की तुलना में आयातों में हुई कमी की दर की वजह से यह बात दर्ज हुई है कि व्यापार घाटा कम हो रहा है।

राजकोषीय वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधियाँ यूएसडी 27.1 बिलियन बढ़कर मार्च 2010 के अंत में यूएएसडी 279.1 हो गई है। पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि के दौरान 10.4% के ह्रास की तुलना में छह मुद्रा व्यापार आधारित वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (आर.ई.ई.आर.) (1993-94=100) में 2009-10 की फरवरी तक 15.5% की वृद्धि हुई है।

यूएस डालर की तुलना में सामान्यतया भारतीय रुपये में मजबूती का रुख देखा गया जिसका कारण पूंजी अंतर्प्रवाह और सकारात्मक वृद्धि का परिदृश्य रहा है। यूएस डालर के मुकाबले रुपये के मूल्य में 12.87% की वृद्धि हुई है जो 31 मार्च 2009 के प्रति यूएसडी 45.14 रुपये से बढ़कर 31 मार्च 2010 का प्रति डालर रु. 50.95 हो गया । इसका मुख्य कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में यूएसडी का कमजोर होना है। वर्ष 2009-10 के दौरान यूरो की तुलना में रुपये का मूल्य 11.43% बढ़ा है, जापानी येन की तुलना में 7.14% तथा पौंड स्टर्लिंग की तुलना में 7.12% की वृद्धि हुई है।

वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में वर्ष 2009-10 के दौरान तेजी से उभरना और भारत के विकास के प्रति वैश्विक निवेशकों का सकारात्मक मनोभाव जैसे कारणों से वर्ष पर्यन्त पूंजी का अंतर्प्रवाह नियमित रूप से बढ़ता रहा है। भारत को वर्ष 2009-10 (अप्रैल–फरवरी) के दौरान यूएसडी 33.1 बिलियन का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्राप्त हुआ है जो तदनुरूपी पिछले वर्ष की तुलना में 5.75% अधिक है।

बैंक का कारोबारी विकास

कुल कारोबार

बैंक का सार्वभौमिक कारोबार 31 मार्च 2009 के रु. 1,98,380 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2010 को रु. 2,08,476 करोड़ हो गया है, जबकि घरेलू कारोबार 2008-09 तक के रु. 1,82,853 करोड़ से बढ़कर 2009-10 तक रु. 1,92,288 करोड़ हो गया ।

जमाराशियों में वृद्धि

बैंक की सार्वभौमिक जमाराशियाँ 2008-09 के रु. 1,15,885 करोड़ से बढ़कर 2009-10 को रु. 1,17,026 करोड़ हो गई हैं। घरेलू जमाराशियाँ 2008-09 के रु. 1,08,688 करोड़ से बढ़कर 2009-10 को रु. 1,09,689 करोड़ हो गई है।

ऋण विस्तार

बैंक की घरेलू ऋण 31-3-2009 के रु. 74,164 करोड़ से बढ़कर 31-3-2010 को रु. 82,599 करोड़ हो गया है। उसमें 11.37% की वृद्धि दर्ज आई है। बैंक का सार्वभौमिक अग्रिम 31-3-2009 के रु. 82,495 करोड़ से बढ़कर 31-3-2010 को रु. 91,450 करोड़ हो गया है और उसमें 10.86% की वृद्धि दर्ज की गई है।

बैंक ने वर्ष 2008-09 की वित्तीय खलबली को ध्यान में रखते हुए निम्न

was estimated at USD 102.10 billion which was lower than the deficit of USD 118.40 billion during April 2008-March 2009. The cumulative value of exports during 2009-10 was estimated at USD 176.5 billion as against USD 185.2 billion during 2008-09 registering a decline of (– 4.7%). The cumulative value of imports during 2009-10 was at USD 278.7 billion as against USD 303.7 billion recorded in 2008-09 registering a decline of (– 8.2%). The reduction in trade deficit was due to the higher rate of decline in imports compared to exports.

During the fiscal, foreign exchange reserves increased by USD 27.1 billion to USD 279.1 billion as at end-March 2010. The six currency trade-based Real Effective Exchange Rate (REER) (1993-94=100) appreciated by 15.5% during 2009-10 up to February 2010 as against 10.4% depreciation in the corresponding period of the previous year.

The Indian rupee generally exhibited a strengthening trend against the USD on the back of capital inflows and positive growth outlook. The rupee against the USD appreciated by 12.87% to Rs. 45.14 per USD as on 31st March 2010 from Rs. 50.95 per USD during the corresponding period of the previous year, mainly on account of weakening of the USD in the international market. The rupee appreciated by 11.43% against the Euro, by 7.14% against the Japanese Yen and by 7.12% against the Pound Sterling during 2009-10.

